# सेंट एंड्र्यूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

**९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२**

**सत्र: २०२२-२०२३**

| | | |
|---|---|---|
| **कक्षा:**-चार | **विषय: हिंदी** | **पाठ: ५ बहुरूपिया** |

## कठिन शब्द

१. बहुरूपिया

२. मनोरंजन

३. जीविका

४. जटाएँ

५. भभूत

६. कुटिया

७. तपस्या

८. पधारे

९. आशीर्वाद

१०.अविश्वास

११.कीर्ति

१२. समाधि

१३. संयोग

१४. विश्वास

१५. काफ़िले

१६. कलसे

१७. प्रणाम

१८. अचरज़

१९. संपत्ति

२०. नम्रता

## प्रश्न/उत्तर

**प्रश्न १:- साधु ने अपनी कुटिया कहाँ तैयार की थी?**

**उत्तर:- साधु ने अपनी कुटिया नगर से बाहर एक बड़े से पेड़ के नीचे तैयार की।**

**प्रश्न २:- डोली में कौन बैठी थी ?**

**उत्तर:- डोली में बीमार सेठानी बैठी थी ।**

**प्रश्न ३:- साधु ने चुटकी भर भस्म कहाँ डाली ?**

**उत्तर:- साधु ने चुटकी भर भस्म सेठानी के ऊपर डाली ।**

**प्रश्न ४:- वास्तव में वह साधु कौन था ?**

**उत्तर:- वास्तव में वह साधु एक बहुरूपिया था ।**

प्रश्न ५:- बहुरूपिया ने साधु का रूप बनाने के लिए क्या-क्या किया ?

उत्तर:- बहुरूपिए ने साधु का रूप बनाने के लिए सिर पर जटाएँ जमाईं और शरीर पर भभूत लगाया।

प्रश्न ६:- सेठ को साधु के पास क्यों आना पड़ा?

उत्तर:- सेठ को बीमार सेठानी को ठीक करवाने के लिए साधु के पास आना पड़ा।

प्रश्न ७:- साधु सेठ की धन संपत्ति लेकर चला जाता तो क्या होता ?

उत्तर:- साधु सेठ की धन संपत्ति लेकर चला जाता, तो लोगों का साधुओं पर से विश्वास हट जाता।

## वाक्य प्रयोग

१. यश:- कीर्ति

बोर्ड परीक्षा में प्रथम आने पर मुझे यश मिला।

२. छल-कपट :- धोखा और बेईमानी

हमें किसी के साथ छल-कपट नहीं करना चाहिए।

३. कष्ट :- दुख

ऐसा कोई कार्य मत कीजिए, जिससे दूसरों को कष्ट हो।

४. पधारना :- आना, पहुँचना

आज मेरे घर अतिथि पधारे।

५. कलसा :- पीतल आदि का बना घड़ा

कलसे में पानी भरा था।

## रिक्त स्थान

१. बहुरूपिया तरह-तरह के वेश बनाकर लोगों का मनोरंजन किया करता था

२. एक बार बहुरूपिए ने साधु का रूप बनाया।

३. एक बार सेठ की पत्नी बीमार पड़ी।

४. साधु ने कहा, "भगवान ने चाहा तो सेठानी सात दिन में ठीक हो जाएगी।"

५. साधु अपनी आँखें मूँदकर समाधि में लग गया।

६. एक दिन बैल गाड़ियों का काफ़िला साधु की कुटिया की ओर चला आ रहा था।